हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, शनिवार 20 जून 2026

13 पंचायती चुनाव में साढ़े 3 साल बाद रिकाउंटिंग में एक वोट...



14 योग दिवस पर टाउन पार्क में होगा जिला स्तरीय...



**खबर संक्षेप**

### एनडीपीएस मामले में सप्लायर गिरफ्तार

**हिसार।** सदर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में नशीले पदार्थों के असली सप्लायर को गिरफ्तार किया है। असल सप्लायर की पहचान पीरांवाली निवासी मंगत के रूप में हुई है। जांच के दौरान सदर पुलिस ने मामले में आरोपी से गहन पूछताछ, तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण तथा खुफिया सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए नशीले पदार्थों की आपूर्ति करने वाले मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया। आरोपी मगंत ने अपने पिता को हेरोइन लाकर दी थी जिस पर आरोपी हरमीत को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी नशीले पदार्थों की सप्लाई श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा था।

### जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** 12 क्वार्टर पुलिस चौकी टीम ने रास्ता रोककर चाकू एवं छुरी से हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शहर के वार्ड 8 निवासी राहुल के रूप में हुई है। पुलिस ने उससे वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है। एएसआई चांदवीर ने बताया कि इस संबंध में राजीव नगर निवासी विकास की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ रास्ता रोककर चाकू एवं छुरी से हमला कर चोटें पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान आरोपी राहुल को गिरफ्तार करके वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है।

### बाइक चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**हिसार।** शहर थाना पुलिस ने बाइक चोरी के पुराने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करके उनसे चोरीशुदा बाइक बरामद की है। शहर थाना प्रभारी पीएसआई अमित ने बताया कि पिछले वर्ष 2 अक्टूबर को पटेल नगर निवासी सन्नी ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने रात के समय रामलीला ग्राउंड से उसकी बाइक चोरी कर ली। शिकायत पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज व साइबर सेल की सहायता से आरोपियों की पहचान करते हुए सिवानी बोलान निवासी अनिल व मनदीप को गिरफ्तार करके आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा बाइक भी बरामद कर ली।

### सीसीटीवी फुटेज से खुला चोरी का राज

**हिसार।** शहर पुलिस ने सैनिटरी सामान चोरी के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर सामान बरामद कर लिया है। आरोपी की पहचान एचटीएम गली नंबर 11 निवासी अमिता कुमार उर्फ अमित के रूप में हुई है। शहर थाना से एएसआई नवीन कुमार ने बताया कि इस संबंध में सेक्टर 14 निवासी चांदी राम ने शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसके अनुसार उसके सेक्टर-14 स्थित मकान से किसी ने सैनिटरी का सामान चोरी कर लिया था।

# चानौत में जल आंदोलन उग्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

चानौत गांव में पेयजल आपूर्ति की मांग पर चल रहे आंदोलन के बीच आमरण अनशन पर बैठे ग्रामीणों ने प्रशासन और पुलिस के बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया जताई है। उन्होंने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता कर अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि वे किसी दबाव, प्रलोभन या बहकावे में नहीं, बल्कि स्वेच्छा से गांव के पीने के पानी के अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अनशन पर बैठे पांचों ग्रामीणों ने कहा कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक है। वे अपने गांव के लोगों को स्वच्छ और स्थायी पेयजल उपलब्ध करवाने की मांग पर संघर्ष कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह केवल पानी की समस्या नहीं, बल्कि गांव के भविष्य, स्वास्थ्य और मूलभूत अधिकारों से जुड़ा मुद्दा है।

अनशनकारियों ने जारी शपथपत्र में स्पष्ट किया कि यदि उनके स्वास्थ्य या जीवन को किसी प्रकार की क्षति पहुंचती है तो इसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि समस्या के समाधान की जिम्मेदारी उन अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की है, जिनके पास निर्णय लेने और मांग पूरी करने की शक्ति है। शपथपत्र में उन्होंने लिखा है कि यदि कोई अप्रिय घटना घटती है तो इसके लिए विधायक विनोद भयाना, एसपी हांसी विनोद कुमार और उपायुक्त राहुल नरवाल जिम्मेदार होंगे। अनशनकारियों ने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन और पुलिस उनकी समस्याओं का समाधान निकालने के बजाय प्रेस वार्ताओं के माध्यम से आंदोलन को कमजोर करने और जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। उनका कहना है कि गांव की मांग पूरी तरह जायज है और प्रशासन को आरोप-प्रत्यारोप की बजाय समाधान पर ध्यान देना चाहिए।

# हक के लिए डटे अनशनकारी, दिया शपथपत्र 'इच्छा से बैठे हैं', प्रशासन को बताया जिम्मेदार

▶▶| संयुक्त किसान मोर्चा और जजपा ने किया चानौत आंदोलन का समर्थन

▶▶| अनशनकारियों की सलाह- बयानबाजी पर नहीं, समाधान पर ध्यान दें प्रशासनिक अधिकारी



**हांसी।** अपना शपथपत्र दिखाते आमरण अनशन पर बैठे अनशनकारी

### जाट धर्मशाला में 22 को होगी महापंचायत

धरनास्थल पर आयोजित बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा ने निर्णय लिया कि यदि सरकार और प्रशासन ने जल्द ही गांव की पेयजल समस्या का समाधान नहीं किया तो 22 जून को हांसी की जाट धर्मशाला में एक बड़ी पंचायत आयोजित की जाएगी। इस पंचायत में आंदोलन की आगामी रणनीति और बड़े निर्णय लिए जाएंगे।

### अनशनकारियों की हालत चिंताजनक

पानी की मांग पर चल रहे आंदोलन का शुक्रवार को 35वां दिन तथा आमरण अनशन का 11वां दिन रहा। लगातार अनशन के कारण आमरण अनशन पर बैठे अनशनकारियों की स्वास्थ्य स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। धरना समिति के अनुसार 81 वर्षीय टेकराम दूहन और बलवान दूहन का रक्तचाप काफी कम दर्ज किया गया, वहीं राजकुमार को हृदय गति बढ़ने की शिकायत सामने आई। इस दौरान अनशनकारी दिलबाग दूहन को उल्टी की समस्या हुई। इसके बावजूद सभी अनशनकारियों ने अपनी मांग पूरी होने तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया। संयुक्त किसान मोर्चा के कई प्रमुख नेता को चानौत धरनास्थल पहुंचे और आंदोलन कर रहे ग्रामीणों को अपना समर्थन दिया। किसान नेताओं बलबीर सिंह, सुरेश कौथ, जोगेंद्र नैन, विकास सिसर, रतन मान, दशरथ मलिक और हर्षदीप गिल सहित अनेक प्रतिनिधियों ने अनशनकारियों से मुलाकात कर उनकी मांगों को जायज बताया।

### एसपी की 'शरारती तत्व' टिप्पणी से गांव में रोष

चानौत गांव की पेयजल मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच हांसी के पुलिस अधीक्षक द्वारा आंदोलन से जुड़े कुछ लोगों को 'शरारती तत्व' बताए जाने संबंधी बयान को लेकर गांव में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों, धरना समिति और आमरण अनशनकारियों ने इस टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि इससे पूरे गांव की भावनाएं आहत हुई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि चानौत गांव पिछले कई सप्ताह से अपने पीने के पानी के अधिकार के लिए शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष कर रहा है। धरना स्थल पर बैठे बुजुर्ग, महिलाएं, युवा और किसान गांव के हित में आंदोलन कर रहे हैं। ऐसे में आंदोलन से जुड़े लोगों को शरारती तत्व बताना न केवल आंदोलन को बदनाम करने का प्रयास है, बल्कि पूरे गांव के सम्मान पर भी सवाल खड़ा करता है। उधर, चानौत गांव को भाखड़ा नहर से पेयजल आपूर्ति की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन को जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। जजपा के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि उनकी पार्टी चानौत के ग्रामीणों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और गांव के लोगों को उनके हक का पानी दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

### धरना समाप्त कर संवाद का रास्ता अपनाए धरना कमेटी : डीसी

चानौत के जल आपूर्ति मुद्दे को लेकर पत्रकार वार्ता में उपायुक्त राहुल नरवाल ने धरना कमेटी एवं अनशन पर बैठे ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और जल समस्या के स्थायी समाधान के लिए सरकार द्वारा कार्य शुरू कर दिया गया है। उपायुक्त ने विशेष रूप से अनशन पर बैठे बुजुर्ग की बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन उनकी चिकित्सा के लिए पूरी तरह तैयार है और उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि धरना स्थल पर अस्थायी उपचार या ड्रिप लगाकर इलाज करना उचित नहीं है। यदि कोई अप्रिय घटना घटती है तो उसकी जिम्मेदारी धरना कमेटी और वहां मौजूद सदस्यों की होगी।

### राजली हेड से लाइन बिछाने का कार्य शुरू, 2 से 3 माह में हो जाएगा पूरा

डीसी ने कहा कि सरकार पानी देने के लिए पूरी तरह तैयार है और जल समस्या के समाधान की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।



राजली हेड से नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू हो चुका है, जो अगले दो से तीन महीनों में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव को पर्याप्त और सुचारू जल आपूर्ति के लिए प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अगले सप्ताह से जिले में एक विशेष हॉटलाइन नंबर शुरू किया जाएगा, जो केवल गांवों की जल संबंधी समस्याओं के लिए समर्पित होगा। इस हेल्पलाइन पर 24 घंटे शिकायतें सुनी जाएंगी और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि गांव में पानी की कमी नहीं आने दी जाएगी और सरकार तथा प्रशासन हर स्तर पर उनके साथ खड़ा है।

मुगलपुरा में मिट्टी खनन पर सीएम फ्लाइंग का छापा

# प्राचीन धरोहर के पास अनुमति से अधिक किया मिट्टी का उठान

■ जांच में मिलीं अनियमितताएं, उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी रिपोर्ट

**उकलाना।** उकलाना क्षेत्र के गांव मुगलपुरा में चल रहे मिट्टी खनन कार्य पर शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग टीम ने खनन विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी की। जांच के दौरान खनन कार्य में कुछ अनियमितताएं सामने आने के बाद टीम ने पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रेड का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज की इंचार्ज सुनैना ने किया। उनके साथ खनन रक्षक संदीप कुमार, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की प्रतिनिधि पूजा, पटवारी सुनीता, एएसआई सुरेंद्र और हेड कांस्टेबल जितेंद्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव मुगलपुरा में प्राचीन धरोहर के समीप स्थित खेतों में मिट्टी खनन किया जा रहा है तथा विभागीय नियमों का पूरी तरह पालन नहीं हो रहा।

सूचना के आधार पर संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और खनन स्थल का निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि एक पोकलेन मशीन की सहायता से खेतों से मिट्टी निकालकर सीधे डंपरों में भरी जा रही थी। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ के साथ संबंधित दस्तावेजों और रिकॉर्ड जांचा। जांच में सामने आया कि भूमि निजी स्वामित्व की है और भूमि मालिक बलजीत ने खनन विभाग से मिट्टी उठान की अनुमति प्राप्त कर रखी है। हालांकि प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि विभाग द्वारा स्वीकृत मात्रा से अधिक मिट्टी खनन किया गया है। अधिकारियों के अनुसार अनुमति से अधिक मिट्टी उठाना खनन नियमों का उल्लंघन है। अब विभागीय रिकॉर्ड और मौके के सत्यापन के आधार पर अतिरिक्त खनन की मात्रा निर्धारित की जाएगी। इसके बाद संबंधित व्यक्ति पर नियमानुसार जुर्माना और अन्य कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। खनन स्थल के निकट पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की भूमि होने के कारण मामले की सूचना संबंधित विभाग को भी दे दी गई है।



### खनन विभाग व डीसी को लिखा पत्र: नरेंद्र परमार

इस संबंध में पुरातत्व विभाग के उपनिदेशक नरेंद्र परमार ने बताया कि खनन विभाग और उपायुक्त को ऐतिहासिक टीले के आसपास किसी भी प्रकार के निर्माण एवं खनन कार्य की अनुमति नहीं देने के लिए लिखा गया है, ताकि ऐतिहासिक अवशेषों का समय पर अध्ययन और संरक्षण किया जा सके। उन्होंने कहा कि विभाग इस विषय में कई बार पत्राचार कर चुका है और जल्द ही स्थल का सीमांकन किए जाने की उम्मीद है।

### फेसबुक पर गाय बेचने का झांसा दे ₹1.10 लाख ठगे, आरोपी दबोचा

**हांसी।** साइबर थाना पुलिस ने फेसबुक पर गाय बेचने का झांसा देकर 1.10 लाख रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान महाराष्ट्र के नागपुर की हंसापुरी कालोनी स्थित ओल्ड भंडारा रोड निवासी कुंवर गुप्ता के रूप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के पास से ठगी किए गए रुपयों में से 1.05 लाख रुपये बरामद किए गए हैं।

जांच अधिकारी एसआई सज्जन कुमार ने बताया कि नारनौंद थाना क्षेत्र निवासी पवन कुमार ने 20 जनवरी 2026 को शिकायत दी थी कि उसने फेसबुक पर एक देसी गाय बेचने का विज्ञापन देखा था। विज्ञापन में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर आरोपी ने स्वयं को गाय विक्रेता बताया और उसे गाय बेचने का विश्वास दिलाकर अलग-अलग बैंक खातों में भुगतान करवाने के नाम पर एक लाख दस हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए।

उन्होंने बताया कि राशि देने के बाद आरोपी ने न तो गाय उपलब्ध करवाई और न ही उसके रुपए वापस किए, जिसके बाद शिकायतकर्ता को अपने साथ साइबर ठगी होने का पता चला। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर तकनीकी एवं बैंकिंग जांच के आधार पर आरोपी की पहचान कुंवर गुप्ता के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर ठगी गई राशि में से 1.05 लाख रुपये बरामद करवा लिए।

# सार्वजनिक शौचालयों और ग्रीन बेल्ट फेंसिंग पर खर्च होंगे 46 लाख रुपये

## विधायक सावित्री ने किया विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास

**हिसार।** हिसार विधानसभा क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लगभग 46 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास विधायक सावित्री जिंदल ने किया। इन विकास परियोजनाओं के अंतर्गत भारत नगर, मिल गेट रोड में सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जाएगा। इस परियोजना की अनुमानित लागत 25.77 लाख रुपये है तथा इसे 8 जनवरी तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त ओपी जिंदल पार्क, मिल गेट रोड, हिसार के समीप ग्रीन बेल्ट फेंसिंग कार्य का शिलान्यास किया। लगभग 20.52 लाख रुपये की लागत से होने वाले इस कार्य को 125 दिनों में पूर्ण किया।



### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर मेयर प्रवीण पोपली, ग्रीन ग्लोबल संस्था से हरिसिंह, पार्षद जगमोन मितल, संजय डालमिया, मनोहर लाल वर्मा, भीम महाजन, पार्षद प्रतिनिधि कुलदीप, जेई बागवानी सुमित कुमार, जेई कुलदीप, डीएन सैनी, प्रवीण जैन, विनय गुप्ता, स्नेहलता निंबल, पवन सैनी, सुभाष गुर्जर, रामअवतार गर्ग, गीना नागर, कांता गोयल, केला शर्मा, खुशीराम गोयल, विजय सिवाच, राजेश यादव, विपिन भारद्वाज सहित शहर के काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### विकास कार्यों को निरंतर गति मिल रही : जिंदल

विधायक सावित्री जिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व एवं जनकल्याणकारी सोच के परिणामस्वरूप प्रदेश के साथ-साथ हिसार में भी विकास कार्यों को निरंतर गति मिल रही है। राज्य सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है और इसी संकल्प के साथ विभिन्न जनहितकारी योजनाओं एवं विकास परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिसार शहर के समग्र विकास, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा बेहतर आधारभूत सुविधाओं के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

### यातायात नियम तोड़ने पर 537 वाहनों के काटे चालान

**हिसार।** जिला में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए 537 वाहनों के चालान किए हैं। यह कार्रवाई बिना हेलमेट वाहन चलाने, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने, गलत दिशा में वाहन चलाने, ओवरस्पीडिंग, मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चलाने, ट्रैफिक सिग्नलों की अवहेलना करने तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ की गई। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आम जनता से अपील की कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें, निर्धारित यातायात नियमों का पालन करें।

# विकल्प भरवाकर भी 200 किमी दूर पंजाब में दिए नेट के सेंटर

## विशेष बस सेवाएं चलाने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

यूजीसी नेट के लिए हरियाणा के अभ्यर्थियों को उनकी पसंद के विपरीत दूर-दराज के परीक्षा केंद्र आवंटित किए जाने पर रोष बढ़ता जा रहा है। 22 से 30 जून तक होने वाली परीक्षा के लिए विद्यार्थियों से केंद्रों की प्राथमिकता मांगी गई थी, लेकिन इसके बावजूद कई अभ्यर्थियों, खासकर छात्राओं के केंद्र 200 किलोमीटर से अधिक दूर पंजाब के विभिन्न शहरों में निर्धारित कर दिए गए हैं।

अभ्यर्थियों का कहना है कि उन्होंने आवेदन के दौरान हरियाणा के चार अलग-अलग शहरों को अपनी प्राथमिकता में शामिल किया था। इसके बावजूद पंजाब में केंद्र आवंटित किए जाने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। परीक्षा दो शिफ्टों में आयोजित होनी है, ऐसे में सुबह की शिफ्ट वाले विद्यार्थियों को देर रात या तड़के घर से निकलना पड़ेगा, जबकि दूसरी शिफ्ट के अभ्यर्थियों को देर रात घर लौटना होगा।

उधर, उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि 21 जून को आयोजित होने वाली नीट यूजी परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। परिवहन विभाग द्वारा विशेष बसों की व्यवस्था की गई है।

### छात्राओं की सुरक्षा को लेकर अभिभावक चिंतित

सबसे अधिक चिंता छात्राओं की सुरक्षा को लेकर जताई जा रही है। अभिभावकों का कहना है कि लंबी दूरी की यात्रा, अपर्याप्त सार्वजनिक परिवहन और देर रात आवागमन छात्राओं के लिए जोखिम भरा साबित हो सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ेगा। विद्यार्थियों ने यूजीसी और परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी से केंद्र आवंटन प्रक्रिया की समीक्षा कर हरियाणा में उपलब्ध केंद्रों पर समायोजन करने की मांग की है।

### प्राथमिकताएं दरकिनार

अभ्यर्थियों का कहना है कि जब प्राथमिकताएं मांगी गई थीं तो उनका सम्मान किया जाना चाहिए था। यदि केंद्रों में बदलाव संभव नहीं है तो अभ्यर्थियों ने हरियाणा सरकार से विशेष बस सेवाएं संचालित करने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि परीक्षा अवधि के दौरान प्रमुख जिलों से पंजाब स्थित परीक्षा केंद्रों तक सीधी बसें चलाई जाएं ताकि हजारों विद्यार्थियों को राहत मिल सके।

### अभी नहीं आए आदेश

हिसार रोडवेज के पास नेट परीक्षा को लेकर स्पेशल बसें चलाने या फ्री यात्रा संबंधी कोई निर्देश नहीं है। यातायात शाखा के अधिकारियों का कहना है कि केवल नीट के लिए सरकार के आदेश आए हुए हैं। अन्य परीक्षा को लेकर कोई आदेश प्राप्त होते हैं तो उनकी पालना की जाएगी।

**ड्यूल डिग्री में चयन** | पूरी फीस माफ व प्रतिवर्ष 35188 डॉलर मिलेगी छात्रवृत्ति

# कृष्ण को एचएयू के साथ ऑस्ट्रेलिया से भी मिलेगी डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के मृदा एवं जल संरक्षण विभाग के पीएचडी शोधार्थी कृष्ण कन्हैया का चयन हकृवि एवं वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय ऑस्ट्रेलिया द्वारा संयुक्त रूप से संचालित प्रतिष्ठित ड्यूल डिग्री पीएचडी कार्यक्रम के लिए हुआ है। इसके साथ ही उन्हें ऑस्ट्रेलिया में अपने शोध कार्य के एक भाग को पूरा करने के लिए वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय द्वारा छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। इस छात्रवृत्ति के अंतर्गत शोध अवधि के दौरान पूर्ण शिक्षण शुल्क (ट्यूशन फीस) माफ रहेगा तथा प्रतिवर्ष (प्रो-राटा आधार पर) 35,188 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की छात्रवृत्ति राशि भी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर शोधार्थी को एचएयू और वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय दोनों से पीएचडी उपाधि प्रदान की जाएगी।



हिसार। वीसी प्रो. बीआर काम्बोज के साथ विद्यार्थी एवं अन्य।

### कुलपति ने शोधार्थी को दी बधाई

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने इस उपलब्धि पर शोधार्थी को बधाई देते हुए कहा कि यह चयन विश्वविद्यालय में संचालित उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि कृष्ण कन्हैया उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढने की प्रेरणा मिलेगी।

### 18 माह सिडनी में शोध


कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजय कुमार वशिष्ट ने बताया कि ड्यूल डिग्री कार्यक्रम के अंतर्गत कृष्ण कन्हैया 'भूजल क्षरण पर गन्ना सिंचाई के प्रभाव को समझना: एक क्षेत्र-आधारित मॉडलिंग अध्ययन' विषय पर शोध करेंगे। वे जून 2026 से दिसंबर 2027 तक कुल 18 माह वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में व्यतीत करेंगे। ऑस्ट्रेलिया में उनके शोध कार्य का मार्गदर्शन प्रोफेसर बसंत महेश्वरी एवं डॉ. जेसन रेनॉल्ड्स करेंगे, जबकि हकृवि में उनके मार्गदर्शक प्रधान वैज्ञानिक डॉ. डीएस बुंदेला हैं। इस मौके पर स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार, अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा कवात्रा, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा तथा आईएसी के समन्वयक डॉ. मंजूनाथ भी उपस्थित रहे।

# व्यापारी नेता बजरंग दास गर्ग से रंगदारी मांगने का आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

■ आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लाकर किया कोर्ट में पेश

शहर पुलिस ने प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग से रंगदारी मांगने सहित अन्य मामलों में वांछित आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। आरोपी दिनेश खैरमपुरिया पहले ही रंगदारी मांगने व महेन्द्र शोरूम पर फायरिंग करके दहशत फैलाने के आरोप में जेल में बंद है। उसे पुलिस ने इस मामले में प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस के अनुसार शहर के सेक्टर 14 निवासी एवं प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार बजरंग दास गर्ग को जान से मारने की धमकी, रंगदारी मांगने व आपराधिक षड्यंत्र सहित विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत यह केस दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी एवं कानूनी आधार पर लगातार कार्रवाई करते हुए तथा प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों के विरुद्ध भी आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई गई। जांच के दौरान आरोपी दिनेश उर्फ मीतू के विदेश में रहने की जानकारी मिलने पर कार्रवाई करते हुए उसके लुक आउट नोटिस जारी करवाए गए। बाद में आरोपी के भारत आने की सूचना मिलने पर पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट प्राप्त करके उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।




# अब शादीशुदा और बच्चों का बाप है रैंचो : हिरानी

**मुंबई।** करीब 17 साल बाद '3 इडियट्स' के सीक्वल पर आधिकारिक काम शुरू हो चुका है। खुद राजकुमार हिरानी ने इस प्रोजेक्ट को लेकर खुलकर बात की है। आमिर खान भी कहानी सुन चुके हैं और ओरिजिनल स्टार कास्ट के वापस आने की उम्मीद है। राजकुमार हिरानी ने एक बातचीत में बताया कि वह अपने लंबे समय के राइटिंग पार्टनर अभिजात जोशी के साथ मिलकर सीक्वल की कहानी और स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी इस प्रोजेक्ट पर काफी काम बाकी है। हिरानी के मुताबिक, इस बार कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी, जहां से पहली फिल्म खत्म हुई थी, लेकिन करीब 15-20 साल बाद। यानी अब तीनों दोस्त शादीशुदा हैं और उनके बच्चे भी हैं। वे अपनी जिंदगी के मिड-लाइफ क्राइसिस से गुजर रहे हैं। इस बार कहानी कॉलेज में नहीं होगी, क्योंकि अब वक्त और जिंदगी दोनों बदल चुके हैं।

लाइफ Style



# श्रद्धा

## ईथा में फिर छोड़ा अदाकारी का असर

सबसे पसंदीदा एक्ट्रेसेस में से एक श्रद्धा कपूर अपनी आने वाली फिल्म 'ईथा' में अपनी परफॉर्मेंस से फैंस को इंप्रेस करने के लिए तैयार हैं। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बन रही यह फिल्म महाराष्ट्र की मशहूर तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर की जिंदगी पर आधारित है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

यह फिल्म 1940 से 1990 के दशक तक की कहानी दिखाएगी, जिसमें उनके मशहूर होने का सफर और उनके संघर्ष शामिल होंगे। फिल्म की पहली झलक दिख गई है। इस बायोपिक का पहला टीजर 19 जून को शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ सिनेमाघरों में दिखाया गया। जैसे ही फिल्म का पहला शो शुरू हुआ, दर्शकों को श्रद्धा की एक हैरान करने वाली और नई झलक देखने को मिली। टीजर में वह लावणी डांसर के रोल में शानदार लग रही थीं। 'ईथा' का टीजर मशहूर लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर की जिंदगी के सबसे यादगार पलों में से एक को दिखाता है। श्रद्धा कपूर पहले ही सीन से इस किरदार में पूरी तरह ढल जाती हैं और इस मशहूर कलाकार की मजबूती और हिम्मत को बखूबी दिखाती हैं। टीजर में विठाबाई को बहुत ज्यादा प्रेग्नेंट होने के बावजूद पूरे जोश और लगन के साथ स्टेज पर परफॉर्म करते हुए दिखाया गया है। टीजर में, परफॉर्मेंस के दौरान उन्हें एहसास होता है कि वह बच्चे को जन्म देने वाली हैं। शो को बीच में न छोड़ने का पक्का इरादा करते हुए, वह शांत रहती हैं और बैकस्टेज जाती हैं, जहां वह बच्चे को जन्म देती हैं। हिम्मत की एक अनोखी मिसाल पेश करते हुए, विठाबाई पत्थर से गर्भनाल काटती हैं और अपनी परफॉर्मेंस पूरी करने के लिए वापस स्टेज पर आ जाती हैं।

हॉलीवुड मसाला



# भारत में रिलीज होगी डोरेमोन की यह फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** कॉर्टून की दुनिया का सबसे लोकप्रिय किरदार डोरेमोन अब जल्द भारतीय सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है। फिल्म 'डोरेमोन द मूवीः न्यू नोबिता एंड द कैसल ऑफ द अंडरसी डेविल' इस साल देशभर में रिलीज होने जा रही है। गुरुवार को मेकर्स ने फिल्म का पोस्टर जारी कर फैंस के साथ यह जानकारी साझा की। फिल्म का प्रमोशन 20 जून से शुरू होने वाले पॉप कल्चर फेस्टिवल में किया जाएगा। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए बताया कि इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।




# आज के बच्चों को आईना दिखाती है टॉय स्टोरी 5

**मुंबई।** कभी गुड्डे-गुड़ियों की शादी कराते, तो कभी घंटों खिलौनों के साथ एक नई दुनिया बुनते बच्चों के हाथों में जब से फोन और टैबलेट आए हैं, तब से खिलौनों से उनका नाता बहुत कम हो गया है। बाहर निकलकर खेलना, असली दोस्त बनाना कितना अहम है, यह बेहद खूबसूरती से दिखाती है 31 वर्षों से चल रही एनिमेटेड एडवेंचर कॉमेडी टॉय स्टोरी सीरीज की पांचवीं फिल्म टॉय स्टोरी 5। कहानी है बौनी (स्कार्लेट स्पीयर्स) की जो खिलौनों से तो खूब खेलती है, लेकिन दोस्त नहीं बना पाती है। उसके माता-पिता उसके लिए लिलीपैड (ग्रेटा ली) डिवाइस यानी टैबलेट ले आते हैं, जिस पर बौनी के डांस क्लास के दोस्त ऑनलाइन बनते हैं। बौनी अपने खिलौने से दूर हो जाती है।



# एक्टर हेनरी के साथ नजर आई सारा

**मुंबई।** गुरुवार की शाम हॉलीवुड और बॉलीवुड का शानदार संगम देखने को मिला। जब 'सुपरमैन' फेम एक्टर हेनरी कैविल और बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान की मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। दोनों कलाकार एक लग्जरी वॉच ब्रांड के इवेंट में शामिल हुए। इवेंट में पटौदी खानदान की युवा राजकुमारी सारा अली खान अपने शाही अंदाज में नजर आईं। सारा ने इवेंट से कई तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। सारा ने इस खास इवेंट के लिए मोनोक्रोमैटिक आइवरी आउटफिट चुना। इसके साथ उन्होंने अपनी खूबसूरती और शालीनता का बेहतरीन मेल पेश किया। उनके लुक में एक तरफ जहां विंटेज चार्म था वहीं दूसरी तरफ आधुनिक भव्यता भी नजर आई। उन्होंने रिच टेक्सचर वाले ट्वीड-स्टाइल फैब्रिक से बनी स्ट्रक्चर्ड मिडी-लेंथ शीथ ड्रेस पहनी थी।



# 18 महीने तक नहीं देंगे कोई इंटरव्यू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों 'डॉन 3' को लेकर चल रहे विवाद के कारण सुर्खियों में हैं। खबरों के मुताबिक, रणवीर ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने तय किया है कि वह अगले 18 महीनों तक किसी भी तरह का इंटरव्यू नहीं देंगे और इस विवाद पर कोई बयान भी नहीं देंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, रणवीर ने यह बात एक ट्रेड जर्नलिस्ट से मुलाकात के दौरान खुद कही। उन्होंने साफ कर दिया कि वह 'डॉन 3' से जुड़े किसी भी सवाल पर बात नहीं करेंगे और अपनी अगली फिल्म 'प्रलय' की रिलीज तक मीडिया से दूरी बनाए रखेंगे। दरअसल, रणवीर सिंह और फिल्ममेकर फरहान अख्तर के बीच 'डॉन 3' को लेकर मतभेद हो गए थे। कहा जा रहा है कि रणवीर फिल्म की स्क्रिप्ट और बार-बार हो रही देरी से खुश नहीं थे। इसी वजह से उन्होंने फिल्म छोड़ने का फैसला लिया।

टीवी मसाला



# बाघा का रो-रोकर बुरा हाल मां को यादकर फफक पड़े


**नई दिल्ली।** पॉपुलर टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बाघा का किरदार निभाकर मशहूर हुए तन्मय वेकारिया हाल ही सेट पर भावुक हो गए। तन्मय मां को याद कर इस कदर बिलख पड़े कि असित मोदी को शूटिंग बीच में ही रोकनी पड़ी और वह एक्टर को संभालते दिखे। सोशल मीडिया पर 'तारक मेहता...' के सेट से वीडियो सामने आया है, जिसे देख फैंस भी भावुक हो गए हैं। वीडियो में नजर आ रहा है कि तन्मय वेकारिया सीन के बीच भावुक हो गए और फूट-फूटकर रो पड़े। यह देख शो के प्रोड्यूसर असित मोदी ने उन्हें ढांढस बंधाया और संभालते दिखे। तन्मय वेकारिया एक सीन शूट कर रहे थे, जो बाघा और बावरी की लव स्टोरी से जुड़ा था। लेकिन, जैसे ही कैमरा रोल होना शुरू हुआ, तन्मय भावुक हो गए। दरअसल, तन्मय वेकारिया की मां उन्हें बाघा के रोल में बेहद पसंद करती थीं, पर हाल ही उनका निधन हो गया। फिलहाल शो में बाघा और बावरी की लव स्टोरी का ट्रैक दिखाया जा रहा है, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। लेकिन, तन्मय इस दुख को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे कि अब उनके लिए दर्शकों के इस प्यार और बाघा के रूप में उन्हें देखने के लिए मां दुनिया में नहीं है, और वह रोने लगे। तन्मय वेकारिया का हाल देख सेट का माहौल गम में बदल गया और हर किसी की आंखें नम हो गईं। शूटिंग भी रोक दी गई। असित मोदी के अलावा 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के प्रोड्यूसर्स और बाकी टीम तन्मय वेकारिया के पास जाकर उन्हें संभालने लगी। इसके बाद तन्मय ने अपनी मां से जुड़ी कई प्यारी यादें साझा कीं और बताया कि कैसे वह 'बाघा' वाले हर एपिसोड को देखने का बेसब्री से इंतजार करती थीं।

## माता-पिता का करें सम्मान : इमरान



मुंबई। छोटे पर्दे के मशहूर कलाकार के तौर पर अभिनेता इमरान खान को जाना जाता है। फादर्स डे के खास अवसर को मद्देनजर रखते हुए इमरान ने आज के समय में बच्चों को अनुसान सिखाने और माता-पिता सम्मान को लेकर चर्चा की है। धारावाहिक जगधात्री में महेश देशमुख की भूमिका निभाने वाले अभिनेता इमरान खान कहते हैं- बतौर पिता मैं अपने बच्चों से सम्मान और अनुशासन की उम्मीद करता हूं। बच्चों को अपने माता-पिता को सम्मान देना ही चाहिए। यह मैं खासतौर पर आज की जेन जी पीढ़ी के लिए कहना चाहता हूं। हर माता-पिता अपने बच्चों को पालने के लिए बहुत मेहनत करते हैं। इसलिए, माता-पिता को उल्टे जवाब देना और सम्मान न करना मुझे नहीं पसंद है। माता-पिता को भी अपने बच्चों को बचपन से ही ये चीजें सिखानी चाहिए। मैंने देखा है कि कुछ माता-पिता अपने बच्चों को बहुत लाड-प्यार देते हैं, लेकिन उन्हें लोगों का सम्मान करना और तमीज सिखाना भूल जाते हैं।

# धमाल 4 का नया गाना कहर रिलीज, गुरु रंधावा ने लगाया तड़का




**मुंबई।** इस साल की एक और अवेटेड फिल्म 'धमाल 4' के ट्रेलर और हाल ही में रिलीज हुए जबरदस्त गाने 'चटनी' के बाद, 'धमाल 4' के मेकर्स ने अब एक और नया गाना 'कहर' रिलीज किया है। मजा कई गुना बढ़ाने वाला यह गाना सभी को एनर्जी और एंटरटेनमेंट से भरपूर एक जबरदस्त म्यूजिकल सफर पर ले जाता है। गाने में 'धमाल 4' की कास्ट के साथ गुरु रंधावा ने टीमअप किया है और गजब के पंजाबी वाइब्स दे रहे हैं। इस गाने को गुरु रंधावा ने गाया है और इसके बोल और संगीत गिल मचराई, रोनी अजनाली और गुरु रंधावा ने दिए हैं। संजॉय के प्रोड्यूस और अरेंज किए गए इस गाने में दर्शकों को एक मजेदार सफर पर ले जाया जाता है, जिसमें 'धमाल बॉयज' गुरु के रंग में रंगे हुए, अपने सबसे अनोखे अंदाज में और पीयूष व शाजिया के कोरियोग्राफ किए गए अपने जबरदस्त हुक स्टेप के साथ खूब धमाल मचाते हुए नजर आते हैं। इस गाने में एक्ट्रेस केतिका शर्मा भी एक स्पेशल अपीयरेंस में दिखाई देती हैं। हर उम्र के लोगों के लिए जबरदस्त मनोरंजन का वादा करते हुए, 'धमाल 4' में अजय देवगन, अरशद वारसी, रितेश देशमुख, जावेद जाफरी और संजय मिश्रा जैसे दमदार कलाकार एक साथ नजर आएंगे।

# वैष्णो देवी के दरबार में पहुंचे अक्षय, लिया माता का आशीर्वाद



वेलकम टू द जंगल की रिलीज से पहले अक्षय ने लिया वैष्णो देवी का आशीर्वाद

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस बीच हाल ही में अक्षय फिल्म की रिलीज से पहले माता वैष्णो देवी के दरबार में पहुंचे। अक्षय ने त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित इस पवित्र मंदिर में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में अभिनेता को देखते ही वहां मौजूद फैंस ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान अक्षय कुमार पारंपरिक सफेद कुर्ता पहने नजर आए। सोशल मीडिया पर भी अक्षय के कई वीडियो सामने आए हैं, जिसमें फैंस उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जाने से पहले कुमार यात्रा के बेस कैंप कटरा पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जाने से पहले अक्षय यात्रा के बेस कैंप कटरा पहुंचे। एक्टर के आने से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा गया। कई लोग फिल्म स्टार की एक झलक पाने की उम्मीद में रास्ते में और मंदिर परिसर में जमा हो गए। अधिकारियों ने बताया कि कुमार ने पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन किए और लौटने से पहले कुछ समय पूजा-अर्चना में बिताया। अहमद खान द्वारा निर्देशित 'वेलकम टू द जंगल' में अक्षय कुमार समेत 34 कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इनमें अक्षय कुमार के साथ सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, रवीना टंडन, लारा दत्ता, अरशद वारसी, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, आफताब शिवदासानी और जैकी श्रॉफ समेत कई अन्य नाम शामिल हैं। यह फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

## आकाश हैं, धूप में छांव हैं, जब टूट जाओ तो हिम्मत हैं पिता

# पिता-पुत्र के रिश्ते पर बनी हैं ये फिल्में, दर्शकों के दिलों को जीतने में रहीं कामयाब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

'पिता सिर्फ एक रिश्ता नहीं है, वह एक भरोसा होना चाहिए, जो तुम्हें यकीन दिलाए कि अगर पूरी दुनिया भी तुम्हारे सामने खड़ी हो जाए न तो तुम लड़ लोगे!' यह डायलॉग है शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' का। फिल्म में यह संवाद नयनतारा बोलती हैं। और, सही मायने में यह फिल्म में कह देने भर की बात नहीं है, बल्कि जिंदगी की हकीकत है। पिता आकाश हैं। धूप में छांव हैं। जब टूट जाओ तो पिता हिम्मत हैं। निर्माता-निर्देशकों ने भी इस रिश्ते की खूबसूरती को पर्दे पर दिखाने की कोशिश की है।

### जवान

शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' में भी बाप-बेटे की कहानी है। फिल्म में शाहरुख पिता और पुत्र की दोहरी भूमिका में हैं। फिल्म का ये डायलॉग खूब हिट हुआ है, 'बेटे को हाथ लगाने से पहले बाप से बात कर!' अभिनय के मामले में भी शाहरुख का पिता के रूप में विक्रम राठौर का किरदार कहीं ज्यादा पसंद किया गया।

### गदर 2

फिल्म 'गदर 2' बाप-बेटे के रिश्ते पर आधारित है, जहां पिता के रूप में सनी देओल अपने बेटे (उत्कर्ष शर्मा) के लिए पाकिस्तान तक पहुंच गए। जीते (उत्कर्ष शर्मा) जब पाकिस्तान में फंस जाता है, तो वह पाकिस्तानी फौजी अफसर से कहता है, 'दुआ कर कि मेरा बाप यहां ना आए। अगर मेरा बाप यहां आ गया, तो तेरे इतने टुकड़े करेगा, इतने टुकड़े करेगा...' वहीं तारा सिंह भी भले ही घर में जवान बेटे पर हाथ उठा देता हो, लेकिन बेटे के मुसीबत में फंस जाने पर सारे खतरे उठाकर पाकिस्तान चल पड़ता है। इससे पहले बाप से अक्सर नाराज रहने वाला बेटा भी अपने पिता को तलाशने की खातिर दुश्मन मुल्क पाकिस्तान में जाने का जोखिम उठाता है। फिल्म में एक और भावुक कर देने वाला संवाद है, जब जीते एक जगह कहता है, 'जिसके ऊपर पिता का साया है, उसे फिक्र करने की क्या जरूरत!'




### ओएमजी 2

*फिल्म 'ओएमजी 2' भी पिता-पुत्र की कहानी पर आधारित है, जिसमें एक पिता अपने मासूम बेटे के लिए कोर्ट तक जाता है। फिल्म में दिखाया गया कि जब नाबालिग बेटा अपना वीडियो वायरल होने के चलते परेशानी में था और सारी दुनिया उसके खिलाफ थी, तब उसके बाप ने ही उसका पूरी मजबूती से साथ दिया। यही नहीं, वह अपने बेटे की खातिर अपना सब कुछ दांव पर लगाकर सारी दुनिया से भिड़ने से भी नहीं हिचकिचाया।*

**टाइगर 3:** सलमान खान की फिल्म 'टाइगर 3' भी बाप-बेटे की कहानी कहती है। फिल्म में सलमान खान का एक संवाद है, 'मेरे बेटे को मैं नहीं, इंडिया बोलेगा कि उसका बाप क्या था? गद्दार या देशभक्त! जिंदा रहा तो आपकी खिदमत में फिर हाजिर नहीं तो जय हिंद'! यह फिल्म भी पिता-पुत्र के रिश्ते पर बनी है।

**एनिमल :** रणबीर कपूर की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' भी इस लिस्ट में शामिल है। इसमें रणबीर के पिता की भूमिका में अनिल कपूर नजर आए। अनिल कपूर को एक ऐसे सख्त पिता की भूमिका में दिखाया गया, जो अपने बेटे को किसी लायक नहीं समझता। हालांकि, बाद में फिल्म एक भावुक मोड़ लेती है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई।

**102 नॉट आउट:** अमिताभ बच्चन और ऋषि कपूर की ये फिल्म भी बाप-बेटे के रिश्ते पर बनी है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने 102 साल की उम्र के पिता को रोल निभाया था, जबकि दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर इसमें 75 साल के उनके बेटे की भूमिका में दिखाई दिए थे। फिल्म में बाप-बेटे की बेहतरीन केमिस्ट्री देखने को मिली। इस फिल्म का निर्देशन उमेश शुक्ला ने किया था।

**पा :** साल 2009 में अमिताभ, अभिषेक और विद्या बालन अभिनीत फिल्म 'पा' ने सिनेमा जगत के कई रिकार्ड्स तोड़े जब प्रोजेरिया से पीड़ति बेटे का किरदार निभाया अमिताभ बच्चन ने और उसके पिता का किरदार खुद उनके बेटे अभिषेक ने निभाया। एक बेहद मार्मिक कहानी जो 13 साल के एक बीमार बच्चे की है। इसमे साहस और आत्मविश्वास कूट-कूट कर भरा है। आर बाल्की ने इस फिल्म में पिता और पुत्र के एक अनोखे रिश्ते को दर्शाया है जो एक- दूसरे के बहुत अच्छे दोस्त है।

## खबर संक्षेप

### अवैध स्पा सेंटरों की जांच करे प्रशासन

**हिसार।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं अखिल भारतीय राहुल गांधी कांग्रेस कमेटी के सदस्य वजीर सिंह पूनिया ने शहर में संचालित अवैध स्पा सेंटरों पर प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कई स्पा सेंटर बिना उचित अनुमति एवं नियमों का पालन किए संचालित हो रहे हैं, जिनकी निष्पक्ष और गहन जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर में संचालित स्पा सेंटरों के लाइसेंस, पंजीकरण, कर्मचारियों के रिकॉर्ड तथा अन्य दस्तावेजों की जांच की जानी चाहिए।

### जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** मोहल्ला डोगरान पुलिस चौकी टीम ने रास्ता रोककर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान भाट बस्ती निवासी कृष्ण के रूप में हुई है। पुलिस चौकी मोहल्ला डोगरान से एएसआई सुनीता ने बताया कि आरोपी के खिलाफ उसकी पत्नी की शिकायत पर रास्ता रोककर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस टीम ने आरोपी कृष्ण को गिरफ्तार कर लिया।

### दुकान से मोबाइल चोरी करने वाला धरा गया

**हिसार।** सीआईए मील गेट टीम ने दुकान से मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरीशुदा मोबाइल बरामद किया है। आरोपी की पहचान सातरोड खुर्द निवासी अजीत के रूप में हुई है। सीआईए मील गेट प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि इस संबंध में 18 जून को हरि नगर निवासी मनोज कुमार ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार किसी ने उसकी दुकान से मोबाइल चोरी करने और मोबाइल से आनलाइन रुपये ट्रासफर करने पर मामला दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले की जांच उनकी टीम को सौंपी। जांच के दौरान आरोपी अजीत को गिरफ्तार कर लिया गया।

### सिविल अस्पताल से चोरी बाइक बरामद, दो काबू

**हिसार।** अनाज मंडी चौकी पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले दो आरोपियों को गिरफ्तार करके उनसे चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है। चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि इस संबंध में बावल निवासी धीरज कुमार ने 18 जून को शिकायत दी थी कि जिले के नागरिक अस्पताल से उसकी मोटरसाइकिल किसी ने चोरी कर ली। शिकायत पर केस दर्ज करके जांच करते हुए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व साइबर सेल की सहायता से आरोपियों की पहचान करते हुए सिवानी मंडी निवासी अक्षय व अमन को गिरफ्तार कर लिया।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार, माल बरामद

**हिसार।** शहर थाना पुलिस ने एसी की कॉपर वायर चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा माल बरामद कर लिया है। आरोपी की पहचान पड़ाव चौक निवासी राजा रवि के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक का कट्टा बरामद किया है, जिसमें चोरी की गई एसी की कॉपर वायर रखी हुई थी। जांच अधिकारी एएसआई देवेंद्र सिंह ने बताया कि ऋषि नगर निवासी मुन्नी लाल ने थाना शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसके घर से एसी की कॉपर वायर चोरी हो गई है। शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच करते हुए पुलिस ने आरोपी राजा रवि को गिरफ्तार किया।

### गौरी 99 फीसद अंक लेकर जिले में रही प्रथम

**हिसार।** सेंट कबीर स्कूल की छात्रा गौरी ने कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में 99 फीसद अंक प्राप्त करके जिले में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय, अपने परिवार तथा जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार प्रारंभिक परिणाम घोषित होने के बाद गौरी ने अंग्रेजी विषय में प्राप्त अंकों के पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया था। पुनर्मूल्यांकन के उपरांत गौरी के अंकों में वृद्धि हुई, जिसके परिणामस्वरूप उसका कुल फीसद बढ़कर 99 हो गया और उसने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर लिया।

---

### कोर्ट के आदेश पर कड़ी सुरक्षा के बीच दोबारा हुई गणना, पलट गया परिणाम

# पंचायत चुनाव: साढ़े तीन साल बाद रिकाउंटिंग में एक वोट से जीती ऋतु

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

गांव पेटवाड़ में साढ़े तीन साल पहले हुए पंचायती चुनाव में पंच के पद के लिए चुनाव हुए थे। इसमें वार्ड दो में कमलेश की जीत हुई थी और एक वोट से ऋतु को हार का सामना करना पड़ा था। ऋतु ने इस फैसले को चुनौती देते हुए कोर्ट की शरण ली और शुक्रवार को कोर्ट के आदेश पर नारनौंद के बीडीपीओ कार्यालय में एसडीएम विकास यादव की देखरेख में रिकाउंटिंग हुई जिसमें ऋतु एक वोट जीत गई। हालांकि जीत के बाद उनको जीत का प्रमाण पत्र नहीं दिया गया हैं। मतगणना केंद्र के बाहर सुरक्षा के लिए से भारी पुलिस बल को तैनात किया गया था।

गांव पेटवाड़ में 25 नवंबर 2022 को हुए पंचायती चुनाव में पंच के चुनाव के लिए वार्ड दो में दो महिला उम्मीदवार ऋतु और कमलेश थीं। उसी दिन मतगणना हुई थी। वार्ड में कुल 239 वोट पोल हुए थे। जिनमें से दो वोट रद हो गए थे। कमलेश को 119 और ऋतु को 118 वोट मिले थे। परिणाम गांव में घोषित न करके माजरा प्याऊ में बने कंट्रोल रूम में किया था। अधिकारियों ने वहां कमलेश को जीत का प्रमाण पत्र दिया था। दूसरी प्रत्याशी ऋतु करीब 15 दिन बाद ही कोर्ट की शरण में पहुंच गई थी। 11 मई 2026 को कोर्ट ने नारनौंद के एसडीएम को दोबारा मतगणना का आदेश दिया। इसके लिए एसडीएम विकास यादव ने नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया। बीडीपीओ सत्यवान सिंह को ओवर ऑल इंचार्ज लगाकर शुक्रवार को मतगणना हुई।





**नारनौंद।** गणना के लिए पुलिस की मौजूदगी में मतपेटी को उतारते हुए कर्मचारी। बीडीपीओ कार्यालय में मतगणना के दौरान सामने बैठे हुए एसडीएम विकास यादव व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

#### रिपोर्ट कोर्ट में पेश

*कार्रवाई : एसडीएम*

*एसडीएम विकास यादव ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर दोबारा मतगणना की गई है। जिसमें ऋतु के 118 मत मिले। कमलेश के दो मत रद्द पाए गए उनको 117 मत मिले हैं। एक वोट ऋतु को ज्यादा मिला है। पूरी रिपोर्ट कोर्ट में पेश कर दी गई हैं। कोर्ट के आदेशानुसार कार्यवाही की जाएगी।*

#### साढ़े तीन साल बाद मिला न्याय



विजेता ऋतु ने बताया कि उन्हें साढ़े तीन साल बाद न्याय मिला है। उनको न्यायालय पर पूरा भरोसा था कि वहां पर दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। आज का दिन उनके लिए काफी ऐतिहासिक है। चुनाव तो चुनाव होता हैं। छोटा या बड़ा नहीं होता। अब वो वार्ड में ऐतिहासिक विकास कार्य करवाने का काम करेंगी।

#### खाली बैलेट मिलना समझ से परे : कमलेश

कमलेश ने बताया कि उस समय पूरी ईमानदारी के साथ मतगणना हुई थी। चुनाव के अधिकारियों ने जीत घोषित की थी। आज मतगणना में खाली बैलेट पाया गया है। समझ से परे है।

---

### 23 को राज्य स्तरीय साझा मोर्चा करेगा बड़ी घोषणा

## रोडवेज कर्मियों को बड़े आंदोलन के लिए मजबूर कर रहे जीएम



**हिसार।** हरियाणा रोडवेज साझा संघर्ष समिति ने डिपो महाप्रबंधक पर आरोप लगाया है कि वे कर्मचारियों को बड़े आंदोलन के लिए उकसा रहे हैं। समिति का कहना है कि लंबे समय बाद भी डिपो स्तर की मांगों व समस्याओं का हल न होना दर्शाता है कि जीएम कर्मचारियों के प्रति कितने गंभीर है। हरियाणा रोडवेज सांझा संघर्ष समिति के नेता डिपो में चल रहे धरने के दौरान कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। डिपो में चल रहे धरने के 36वे दिन अध्यक्षता राजेश सेलवाल ने की जबकि कर्मबीर मसूदपुर ने मंच संचालन किया। समिति नेताओं ने आरोप लगाया कि डिपो महाप्रबंधक को गत 29 अप्रैल को दिए गए मांगपत्र पर आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि पांच जून को मुख्यालय से संयुक्त निदेशक, सांझा मोर्चा व हिसार उपायुक्त की ओर से भेजे गए एसडीएम की मध्यस्थता में 15 दिन का समय मांगा गया था जो 21 जून को पूरा हो रहा है इसके उपरांत कर्मचारियों की वित्तीय भत्तों की अदायगी समय पर नहीं की गई तो आगे की रणनीति बनकर बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी। इस अवसर पर सभी यूनियनों के प्रधान बजरंग लाखा, अमित जुगलान, जोगेंद्र पंघाल, अजय दुहन, संदीप जैनावास, जितेन्द्र शर्मा, अनूप श्योकद, पवन कनोह, मंजीत सोरखी, नरेंद्र खरड़, रमेश प्रभुवाला व वरिष्ठ नेता राजबीर दुहन आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## शहीद राजा राव तुलाराम द्वार के लिए आंदोलन तेज करेगी संघर्ष समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

दिल्ली रोड़ पर अरुट द्वार के स्थान पर शहीद राजा राव तुलाराम द्वार बनाए जाने की मांग को लेकर गठित शहीद राजा राव तुलाराम द्वार संघर्ष समिति की बैठक शुक्रवार को निर्माणाधीन यादव धर्मशाला में आयोजित की गई।

- **21 सदस्यीय संचालन व 101 सदस्यीय संघर्ष समिति का गठन**

बैठक की अध्यक्षता ढाणा कलां गांव के पूर्व सरपंच रंगीराम यादव ने की। बैठक में बड़ी संख्या में यादव समाज के प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक के दौरान रविवार को आयोजित हुई यादव समाज की महापंचायत में लिए गए निर्णयों और आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा शहीद राजा राव तुलाराम का देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संघर्ष को संगठित और प्रभावी बनाने के लिए 21 सदस्यीय संचालन समिति तथा 101 सदस्यीय जनसंपर्क एवं संघर्ष समिति का गठन किया गया। ये समितियां समाज के विभिन्न गांवों और क्षेत्रों में जाकर लोगों से संपर्क करेंगी तथा आंदोलन को मजबूत करने का कार्य करेंगी। समिति के सदस्यों ने कहा कि आगामी दिनों में क्षेत्र के विधायक विनोद भयाना से प्रतिनिधिमंडल मुलाकात करेगा और उन्हें ज्ञापन सौंपकर निर्माणाधीन अरुट द्वार के स्थान पर शहीद राजा राव तुलाराम द्वार के निर्माण की मांग रखी जाएगी।



**हांसी।** शहीद राजा राव तुलाराम द्वार संघर्ष समिति की मीटिंग में भाग लेते संघर्ष समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि

---

## श्री श्याम महोत्सव के उपलक्ष्य में निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

### यात्रा के दौरान इस्कॉन के भक्तों ने किया हरि नाम संकीर्तन, उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

श्री श्याम मंदिर हांसी के 54वें अष्ट दिवसीय श्री श्याम महोत्सव के पांचवें दिन भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई वहीं अंतर्राष्ट्रीय कृष्णा भावनामृत संघ (इस्कॉन ) के द्वारा पूरे शहर में हरिनाम संकीर्तन किया गया। हरि नाम संकीर्तन में बहादुरगढ़, रोहतक और हिसार के भक्तों के साथ हांसी के भक्त भी खूब झूमे। भगवान जगन्नाथ रथ की यात्रा में विशेष व्यवस्था की जाती है।भगवान जगन्नाथ की यात्रा श्री श्याम मंदिर से शुरू होकर दिल्ली गेट, छाबड़ा चौक फिर बजरिया चौक होते हुए लाल सड़क पहुंची और लाल सड़क से वापसी चौपटा बाजार से बड़सी गेट होते हुए श्याम मंदिर में जाकर समापन हुई।यात्रा के दौरान श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान जगदीश राए मित्तल, विनय जैन,भागवत स्वरूप सिंगल,महेन्द्र गर्ग, पप्पू खरडिया, गौरव जैन, लक्ष्मीकांत गर्ग, गौरव जैन, सुनील मित्तल, पुनीत जैन, अनिल गोयल, राघव गोयल (प्रवक्ता) सहित काफी संख्या में श्याम भगत उपस्थित रहे। प्रधान जगदीश मित्तल ने बताया कि 20 जून को पीसीएसडी स्कूल के प्रांगण में विशाल श्री श्याम जागरण का आयोजन किया जाएगा। जागरण में कलकत्ता से सौरभ शर्मा, जयपुर से रजनी राजस्थानी व अभिषेक नामा और दिल्ली से श्रेष्ठ दीक्षित बाबा का गुणगान करेंगे।





**हांसी।** श्री श्याम महोत्सव में निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा और इस दौरान उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## बास बादशाहपुर में नाले का पानी ओवरफ्लो होकर घरों में घुसा



**नारनौंद।** गांव बास बादशाहपुर में गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले से गंदा पानी ओवरफ्लो होकर पास के घरों में घुस रहा है। इसके कारण काफी ग्रामीण परेशान है। इसको लेकर ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत से इसकी शिकायत की है। ग्राम पंचायत की तरफ से एसडीएम को पत्र लिखा गया है। गांव बास बादशाहपुर के ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दिनों हुई बारिश के कारण पानी के निकासी के बनाया हुआ नाला ओवरफ्लो होकर पास के घरों में गंदा पानी घुस गया। हल्की बारिश होते ही यह नाला लबालब भर जाता है और इसका पानी आसपास के घरों में जमा होने लगता है। इस नाले पर कुछ लोगों ने अवैध तरीके से अतिक्रमण करके उसके ऊपर लेंटर लगाया हुआ है। इसके कारण इसकी सफाई भी सही तरीके से नहीं हो पाती। काफी से समय से ये समस्या चली आ रही है। इसको लेकर गांव के सरपंच से भी शिकायत की है। गांव की सरपंच ज्योति ने काफी बार बीडीपीओ को इसकी शिकायत की है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसी समस्या को लेकर एसडीएम को पत्र लिखा गया हैं। उधर, बीडीपीओ राजसिंह ने बताया कि ग्रामीणों की जो समस्या है। ग्राम पंचायत द्वारा उसका समाधान करवा दिया जाएगा। नाले की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाई जाएगी अगर नाले पर अवैध तरीके से कोई लेंटर है तो उसको हटवा दिया जाएगा। ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी।

---



### सेक्टर-33 में दूषित जलभराव से लोग तंग

**हिसार।** रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसायटी सेक्टर-33, पी-1, के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधान धर्मवीर पानू के नेतृत्व में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्रशासक ब्रह्मजीत सिंह रांगी को ज्ञापन सौंपकर सेक्टर-33 के समीप स्थित सीआईआरबी फोडर फार्म क्षेत्र में बने गंदे नाले एवं दूषित जल के तालाब को समाप्त करवाने की मांग की है। प्रधान धर्मवीर पानू ने बताया इस नाले के कारण लगातार चार वर्षों से बरसाती मौसम में सेक्टर में बाढ़ जैसे हालात हो जाते हैं। चार-चार फीट पानी भर जाता है और सेक्टर 33 और सेक्टर 14 के जिन मकानों में बेसमेंट बने हुए हैं उन सभी बेसमेंट में पांच फीट पानी भर जाता है। हर बरसाती मौसम में सेक्टरवासियों को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता है। प्रधान धर्मवीर पानू ने बताया कि यह अस्थाई बनाया गया था लेकिन अब इसका कोई भी महत्व नहीं रह गया है, केवल सेक्टरवासियों को परेशान करने के सिवाय क्योंकि इस पानी के लिए अब हरियाणा सरकार ने 91 करोड रुपये की लागत से अंडरग्राउंड लाइन बरवाला चुंगी से सेक्टर 33 होते हुए लुदास ड्रेन में डाल दी गई है। इस अवसर पर प्रधान धर्मवीर पानू, सचिव सरदार बलविंदर सिंह, ग्रीवेंस कमेटी मेंबर राजेंद्र सपड़ा, एसडीओ रामप्रसाद, एसडीओ कुलदीप बिश्नोई, जेई छत्रपाल सिंह आदि उपस्थित थे।

## झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर लोगों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा की ओर से भारत की महान वीरांगना एवं स्वतंत्रता संग्राम की अमर नायिका रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में रानी लक्ष्मीबाई चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर शाखा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनके अद्वितीय शौर्य, त्याग, राष्ट्रभक्ति और मातृभूमि के प्रति समर्पण को स्मरण करते हुए नमन किया। इस मौके पर प्रकल्प प्रमुख अशोक शर्मा, शाखा अध्यक्ष एडवोकेट राजेश जैन, सचिव सूर्य गोयल, कोषाध्यक्ष आशीष जैन, अमर गोयल, संजीव गोयल, सुरेंद्र कुच्छल, सीताराम मंगल, अजय सिंगला, सुमित मित्तल, वीरभान बंसल, रेनू मंगल, सुधीर जैन व सुमन कुच्छल उपस्थित रहे।



**हिसार।** रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते भाविप विवेकानंद शाखा के पदाधिकारी एवं सदस्य। फोटो : हरिभूमि


---

## न्यूज डायरी

### कैबिनेट मंत्री से सड़कें बनवाने की मांग

**बरवाला।** मॉडल टाउन कॉलोनी का एक प्रतिनिधिमंडल सड़के बनवाने के लिए किसान रेस्ट हाउस बरवाला में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा से मिला और सड़क बनवाने की मांग की। दयानन्द पब्लिक स्कूल बरवाला के डायरेक्टर सत्यवान कुंडू व मास्टर धर्मपाल ने बताया कि बरवाला शहर के नए बस स्टैंड के सामने न्यू ककड़ मार्केट, सरस्वती कॉलोनी, मॉडल टाउन व ताज कॉलोनी की सड़कों की हालात बहुत ख़राब है। उन्होंने कहा कि मॉडल टाउन कॉलोनी में पांच - छह वर्षों से पानी एव सीवरेज की पाइप लाइन बिछाई हुई है और ये कॉलोनी अप्रूव्ड भी हे लेकिन इसमें अभी तक सड़के नहीं बनाई गई है। इस कारण से इन कॉलोनियों में गलियों की हालत बहुत खराब है। यहां पर बहुत बड़े गड्ढे बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि मॉडल टाउन में रिहायशी मकान, कई हस्पताल, मंदिर, एजुकेशन सेंटर, लाइब्रेरी, जिम, कंप्यूटर सेंटर व स्कूल भी बना हुआ हैं। सड़के बनवाने की मांग को सुनने के बाद कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने नगर परिषद के चेयरमैन रमेश बैटरीवाला से नए बस स्टैंड से लेकर दयानंद स्कूल वाली सड़क के बजट बारे मे बातचीत की और कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने मॉडल टाऊन वासियों को जल्द से जल्द सड़के बनवाने का आश्वासन दिया।





### 6364 शिकायतों में से 4150 का हुआ निपटारा

**हिसार।** उपायुक्त महेंद्र पाल ने शुक्रवार को कैंप कार्यालय में आयोजित समाधान प्रकोष्ठ की बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आमजन की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए तथा किसी भी मामले को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर के माध्यम से अब तक कुल 6364 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से 4150 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, जबकि 1757 शिकायतें विभागों द्वारा अस्वीकृत की गई हैं। इसके अलावा 261 शिकायतें अभी लंबित हैं तथा 194 मामलों को री-ओपन किया गया है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन मामलों का समाधान किया जा चुका है, उनमें संबंधित शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी सुनिश्चित की जाए तथा लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समयावधि में निस्तारण किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### एसआईआर कार्य तय समय सीमा में पूरा करें

**हिसार।** मंडल आयुक्त गीता भारती ने निर्देश दिए हैं कि विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के अंतर्गत मतदाता सूची को शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने का कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए मंडल आयुक्त ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची में मौजूद त्रुटियों को दूर करना तथा पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया के दौरान किसी भी पात्र मतदाता का नाम नहीं काटा जाएगा। इसके विपरीत, नए पात्र मतदाताओं, विशेषकर 1 जुलाई 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे। गीता भारती ने जमा किए गए फॉर्मों का नियमित रूप से नमूना सत्यापन करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी त्रुटियां सामने आएं, उन्हें तुरंत ठीक कराया जाए।



### हमारी सेहत के लिए प्राकृतिक खेती जरूरी : पानू

**हिसार।** तलवंडी राणा में हरियाणा कृषि विभाग एवं उद्यान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को 'खेत बचाओ जागरूकता अभियान' के अंतर्गत एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक प्रगतिशील किसानों, कृषि विशेषज्ञों तथा ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता धर्मवीर पानू ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में प्राकृतिक खेती केवल एक कृषि पद्धति नहीं, बल्कि मिट्टी, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने का एक व्यापक अभियान है। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से भूमि की उर्वरता प्रभावित हुई है, जिसके कारण प्राकृतिक खेती को अपनाना समय की आवश्यकता बन गया है। धर्मवीर पन्नू ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित करने तथा उन्हें तकनीकी एवं संस्थागत सहयोग प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम संयोजक राजपाल नियाना, ग्रीवेंस कमेटी सदस्य राजेंद्र सपड़ा, डॉ. जसप्रीत कौर डॉ. रूबी गर्ग, डॉ. ईश्वर सेन, रीना, मुकेश कुमार, गंगाराम, बलवंत, जयवीर आदि मौजूद थे।

### बाजारों और मुख्य मार्गों से हटवाया अतिक्रमण

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा अभियान निरंतर जारी है। शुक्रवार को निगम टीम ने तालाकी गेट से लेकर ऋषि नगर विश्वकर्मा धर्मशाला तक अतिक्रमण हटाने से की इस दौरान एक रेहड़ी व सामान भी जब्त किया। इसके बाद टीम ने बस स्टैण्ड लेकर सिरसा चुंगी तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके साथ ही टीम ने मिलगेट रोड नई सब्जी के सामने लेकर मिलगेट तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। राजगुरु मार्केट, आर्य बाजार, बालाजी मार्केट, बिश्नोई मंदिर मार्केट में भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इसके बाद टीम ने एमसी डीसी कॉलोनी मोड, पुष्पा कॉम्प्लेक्स के सामने, जिन्दल चौक व जिंदल चौक से आईटीआई चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

### भारतीय सेना में करियर अवसरों की दी जानकारी

**हिसार।** आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस द्वारा थर्ड हरियाणा एनसीसी बटालियन में एक आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 300 एनसीसी कैडेट एवं स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को अधिकारी तथा पीबीओआर श्रेणी में भर्ती प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही भारतीय सेना की भूमिका तथा विभिन्न आर्म्स एवं सर्विसेज के संबंध में भी विस्तार से अवगत कराया गया।

### आज जारी होगी 23वीं किस्त

**हिसार।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 20 जून को प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल के हुगली के तारकेश्वर से योजना की 23वीं किस्त जारी करेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि इसके लिए सहकारी क्षेत्र से जुड़े संस्थानों, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, सहकारी सदस्यों एवं किसानों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, श्रीमति रामरती पत्नी श्री रामपाल निवासी गांव मदनहेड़ी, तहसील बास जिला हांसी बयान करती हूं कि मेरा पुत्र सतीश व मेरी पुत्रवधु सोनिया मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए, मैं अपने पुत्र सतीश व पुत्रवधु सोनिया को अपनी तमाम चल व अचल संपत्ति से पूर्ण रूप से बेदखल करती हूं। मेरा व मेरे परिवार का उनसे कोई ताल्लुक या वास्ता नहीं रहा है। आज के बाद उनसे किसी भी प्रकार का लेनदेन करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### रिश्वतखोरी पर सख्त कार्रवाई की मांग

**हांसी।** शहीद भगत सिंह संगठन समिति के अध्यक्ष सरदार कृष्ण सिंह एलावादी, किशोरी लाल नागपाल तथा सुभाष महता ने प्रदेश में लगातार सामने आ रहे रिश्वतखोरी के मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरता हो जब किसी न किसी विभाग का अधिकारी रिश्वत लेते हुए पकड़ा न जा रहा हो। किशोरी लाल नागपाल ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने वाले अधिकारियों और रिश्वत देने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की जाए जिससे समाज में एक सख्त संदेश जाए।

### रेहड़ी संचालक को मिला पार्षद का सहयोग

**हिसार।** नगर निगम के वार्ड 13 से नगर पार्षद संजय डालमिया ने निगम से मिलने वाली एक माह की सैलरी जरूरत मंद को देकर उसकी सहायता की। वार्ड 13 निवासी मॉडल टाउन मार्किट में सब्जी फ्रूट्स की रेहड़ी लगा कर अपना व अपने परिवार का पालन करने वाले रेहड़ी संचालक की रेहड़ी में गत रात्रि किसी ने आग लगा दी। आग से रेहड़ी पूरी तरह नष्ट हो गई। अगली सुबह सभी रेहड़ी संचालक इकठ्ठा हुए और घटना पर दुःख व्यक्त किया। इसी दौरान लोगों ने वार्ड के पार्षद संजय डालमिया से संपर्क किया। पार्षद डालमिया रेहड़ी संचालक की मदद के तौर पर अपने एक माह के वेतन दे दिया।

### टीबी मरीजों को मिली प्रोटीन डाइट

**हिसार।** रोटरी सैंट्रल की ओर से टीबी रोगियों के स्वास्थ्य सुधार के लिए 10 मरीजों को प्रोटीन युक्त आहार उपलब्ध कराने के लिए गोद लिया गया था। इसी कड़ी में शुक्रवार को पटेल नगर स्थित पंजाबी धर्मशाला में प्रोटीन डाइट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 10 चयनित मरीजों को प्रोटीन की दूसरी डाइट दी गई। इस मौके पर रोटरी सैंट्रल के प्रधान सुनील मलिक, प्रो. हरीश जुनेजा प्रोजेक्ट चेयरमैन, प्रो. पीपी तनेजा को-प्रोजेक्ट चेयरमैन, विनोद आहुजा, महेश नारंग समाजसेवी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### बीएमआरआईटी पाठ्यक्रम में दाखिले शुरू

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बैचलर ऑफ मेडिकल रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (बीएमआरआईटी) पाठ्यक्रम में दाखिला प्रक्रिया शुक्रवार को शुरू हो गई है। दाखिलों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई है। यह कोर्स एनसीएएचपी गाइडलाइंस के तहत संचालित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि यह कोर्स राष्ट्रीय स्वास्थ्य परिषद (एनसीएएचपी) द्वारा मान्यता प्राप्त है, जिससे देश-विदेश में आसानी से केंद्रीय पंजीकरण प्राप्त होता है। विभाग की अध्यक्षा डा. अंजू गुप्ता ने बताया कि संभावित मेरिट सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 24 जुलाई को प्रदर्शित की जाएगी।

# योग दिवस पर टाउन पार्क में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर योग कार्यक्रम एवं पायलट रिहर्सल हुई





हिसार। पायलट रिहर्सल कार्यक्रम में योगाभ्यास करते विधायक रणधीर पनिहार, कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई, डीसी महेंद्र पाल व अन्य तथा हांसी के राजकीय महाविद्यालय के सभागार में आयोजित पायलट रिहर्सल में योगाभ्यास करते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को ठाकुर दास भार्गव सीनियर सेकेंडरी स्कूल में योग कार्यक्रम एवं पायलट रिहर्सल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आयुष विभाग हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम में विधायक रणधीर पनिहार, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई, मेयर प्रवीण पोपली, पूर्व मंत्री अनूप धानक, उपायुक्त महेंद्र पाल, पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन तथा अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने बड़ी संख्या में नगरवासियों योग साधक, विद्यार्थी एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ योगाभ्यास किया। वक्ताओं ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नियमित योगाभ्यास से तनाव मुक्त जीवन, बेहतर स्वास्थ्य एवं सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। कार्यक्रम के दौरान 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय टाउन पार्क में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया गया तथा सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की गई।

### सेक्टर 14 पार्ट-2 में 7 दिवसीय योग शिविर का आयोजन

**हिसार।** विश्व योग दिवस के अवसर पर सेक्टर-14 स्थित अपना पार्क में सात दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में प्रतिदिन योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी जानकारी प्रदान की जा रही है। शिविर के संचालक मुकुल शर्मा, प्रीति, गोविंद, सोमवीर द्वारा नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में योग शिविर से जुड़कर स्वस्थ एवं निरोग जीवन की ओर कदम बढ़ाने का आह्वान किया गया।

### योग मानसिक संतुलन के लिए भी आवश्यक : डॉ बेरवाल

■ हांसी के राजकीय महाविद्यालय में आयोजित हुई पायलट रिहर्सल व योग सेमिनार

**हांसी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय में जिला आयुर्वेदिक नोडल अधिकारी डॉ. सुमित बेरवाल के नेतृत्व में योग दिवस की पायलट रिहर्सल का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने योगाभ्यास कर योग दिवस की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। रिहर्सल के उपरांत योग विषय पर एक सेमिनार का आयोजन भी किया गया, जिसमें आयुर्वेद और योग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। सेमिनार में स्वास्थ्य संरक्षण के लिए योग के महत्व, दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करने की आवश्यकता, प्रकृति एवं संतुलित आहार तथा योग के मूल सिद्धांतों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में डॉ. मंजू, डॉ. सुनीता, डॉ. ललिता, डॉ. कविता एवं डॉ.आशा ने योग के लाभों और इसके नियमित अभ्यास से होने वाले सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। वहीं राजीव और संजना ने योग करते समय अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.चंचल सोनी ने किया। इस अवसर पर डॉ. मोनिका शर्मा, डॉ. मनोज वर्मा, डॉ. सचिन, डॉ. पूजा, सतबीर, दीपक, कुलदीप सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।



हिसार। कार्यक्रम में योग संबंधी जानकारी देते डॉ. विक्रम सिंह।

### योग से मिलता है शरीर में सकारात्मक हार्मोनों के स्राव को बढ़ावा : डॉ. विक्रम

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ तथा छात्र कल्याण निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के शारीरिक शिक्षा निदेशक डॉ. विक्रम सिंह रहे। उन्होंने 'माइंडफुलनेस की न्यूरोकेमिस्ट्री : भावनात्मक संतुलन के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा एवं आधुनिक अंतःस्रावी विज्ञान का समन्वय' विषय पर ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि नियमित योग एवं ध्यान के अभ्यास से तनाव, चिंता एवं अवसाद जैसी समस्याओं को नियंत्रित करने में सहायता मिलती है, साथ ही शरीर में सकारात्मक हार्मोनों के स्राव को बढ़ावा मिलता है, जिससे भावनात्मक संतुलन एवं मानसिक स्वास्थ्य सुदृढ़ होता है। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं कर्मचारियों से नियमित रूप से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।



नारनौंद। गांव खांडा खेड़ी में योग शिविर में योग करवाते हुए योग शिक्षक।

### योग को हर व्यक्ति दिनचर्या में शामिल करें

**नारनौंद।** गांव खांडा खेड़ी के शहीद भरत सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का नौंवे दिन का शुभारंभ गांव की योग साधिका रोशनी देवी और महिला तहसील प्रभारी बास विद्या रानी द्वारा दीप प्रज्वलित करके योग शिविर का शुभारंभ किया गया। जिला प्रभारी हांसी वेद प्रकाश आर्य ने प्रतिदिन की तरह ओम के उच्चारण के साथ योग शिविर का प्रारंभ किया। वेद प्रकाश आर्य ने योग साधकों को ऋतु के अनुसार हितबुक, ऋतबुक और मितबुक द्वारा भोजन की जानकारी विस्तार से बताई और व्यक्तिगत स्वास्थ्य को ठीक रखने की पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योग करने से हर घर स्वस्थ रहेगा। हमें योग को दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। जिला सोशल मीडिया प्रभारी हांसी व योग शिक्षक बिजेंद्र आर्य ने सूर्य नमस्कार व राज्य व राष्ट्रीय सत्र के कठिन आसनों का अभ्यास करवाया गया।



हिसार। शिविर में योग करते साधक। फोटो : हरिभूमि

### निःशुल्क त्रिदिवसीय योग शिविर का शुभारंभ

**हिसार।** आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में निःशुल्क त्रिदिवसीय योग शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को सेक्टर-14 के सुभाष पार्क में किया गया। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज कुमार गुप्ता ने बताया कि शिविर के प्रथम दिवस पर नगर के प्रबुद्ध नागरिकों और योग साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का संचालन संयुक्त रूप से आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षित योग शिक्षक एवं स्टेट टीचर्स कोऑर्डिनेटर महावीर अग्रवाल एवं शिक्षिका मंजू पूरी द्वारा किया गया।

### योग अपनाएं, स्वस्थ जीवन पाएं

**हिसार।** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के 'स्कूल ऑफ योग एंड नेचरोपैथी' द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर में चार अलग-अलग स्थानों पर भव्य योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। स्वस्थ जीवन के लिए योग थीम पर आधारित इन कार्यक्रमों में आम जनता के लिए प्रवेश पूरी तरह से निःशुल्क रहेगा। यह जानकारी साझा करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि कार्यक्रम का समय सुबह 6 बजे से 7:30 बजे तक रहेगा, और आयोजन के लिए ओ.एस.जी.यू .कैंपस, योगशाला ग्राउंड मंडी बरवाला, आर्य बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नरवाना और आर्य समाज मंदिर, आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हांसी स्थान निर्धारित किए गए है। ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय सदैव समाज के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रहा है और इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भी जन-जन को योग के प्रति जागरूक करना और उन्हें /"स्वस्थ जीवन के लिए योग/" के महत्व को समझाना है। ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के योग विशेषज्ञों की देखरेख में आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया जाएगा।

# बढ़ते तनाव के कारण मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ी

■ काउंसिलिंग स्किल्स एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

दिव्यांग एकाधिकार पुनर्वास ट्रस्ट की ओर से 'काउंसिलिंग स्किल्स एवं मानसिक स्वास्थ्य' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के एप्लाइड साइकोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार परमार उपस्थित रहे।

अपने व्याख्यान में डॉ. परमार ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, प्रतिस्पर्धा, पारिवारिक एवं सामाजिक चुनौतियों के कारण मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और समय पर उचित परामर्श अत्यंत आवश्यक है। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न गतिविधियों, केस स्टडी, रोल प्ले तथा समूह चर्चाओं के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय हिसार, गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, डी.एन. कॉलेज तथा एस.जी.एम. कॉलेज आदमपुर सहित विभिन्न महाविद्यालयों के मनोविज्ञान विषय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्था के संस्थापक एवं समन्वयक राजपाल सिंह बासनीवाल ने डॉ. संजय कुमार परमार का आभार व्यक्त किया।



हिसार। छात्रों को संबोधित करते हुए डॉक्टर संजय कुमार परमार। फोटो : हरिभूमि

### एसआईआर कार्य में लगे शिक्षकों पर दबाव के विरोध में प्रदर्शन 22 को

**हिसार।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने प्रदेश में चल रहे गहन पुनः निरीक्षण (एसआईआर) कार्य के दौरान शिक्षकों और कर्मचारियों पर बनाए जा रहे अनावश्यक दबाव का विरोध करते हुए 22 जून को जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करने की घोषणा की है। हिसार में यह प्रदर्शन सुबह 10 बजे लघु सचिवालय पर किया जाएगा, जिसके बाद उपायुक्त के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघ के जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा, जिला सचिव विनोद प्रभाकर, राज्य उपप्रधान अलका तथा राज्य ऑडिटर पवन कुमार ने कहा कि एसआईआर कार्य ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित करेगी। इस कार्य में बड़ी संख्या में अध्यापकों की ड्यूटी लगाए जाने से अनेक स्कूल लगभग खाली हो जाएंगे, जिससे ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद विद्यार्थियों की निश्चित रूप से पढ़ाई प्रभावित होगी।

# महापंचायत के बाद सीएम और श्रम मंत्री की सांकेतिक शवयात्रा निकाली

■ निर्माण मजदूरों का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा हरियाणा के बैनर तले शुक्रवार को हांसी तहसील परिसर में निर्माण मजदूरों और कारीगरों की महापंचायत आयोजित की गई। महापंचायत में प्रदेश सरकार की कथित मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर रोष व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के बाद मजदूरों ने मुख्यमंत्री और श्रम मंत्री की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया तथा अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। महापंचायत की अध्यक्षता सीटू के रामनिवास तथा इंटक के रोहित नैन ने संयुक्त रूप से की, जबकि मंच संचालन इंटक के जिला अध्यक्ष जोरा सिंह पाबड़ा ने किया। इंटक के जिला अध्यक्ष जोरा सिंह पाबड़ा ने कहा कि मजदूरों की जायज मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द सकारात्मक कदम नहीं उठाए तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र तथा इंटक के प्रदेश महासचिव कृष्ण कुमार नैन ने श्रम विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि मजदूरों के कल्याण के लिए बनाई गई योजनाओं का लाभ पात्र श्रमिकों तक नहीं पहुंच रहा है। साथ ही मजदूर नेताओं ने घोषणा की कि यदि मांगें पूरी नहीं हुई तो 10 जुलाई को लघु सचिवालय से आक्रोश प्रदर्शन करते हुए कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के निवास का घेराव किया जाएगा।



हांसी। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा हरियाणा के सदस्य।

#### ये हैं मजदूरों की प्रमुख मांगें

- निर्माण मजदूरों का पोर्टल सुचारू रूप से संचालित किया जाए।
- काटी गई मजदूर पंजीकरण कॉपियों को बहाल किया जाए।
- रुकी हुई सभी कल्याणकारी बेनिफिट योजनाओं का लाभ तुरंत जारी किया जाए।

### महंगाई के खिलाफ जनवादी महिला समिति का एक दिवसीय उपवास

**हिसार।** जनवादी महिला समिति ने बढ़ती महंगाई और गरीब मेहनतकश परिवारों की बदहाल होती स्थिति के विरोध में लघु सचिवालय के सामने एक दिवसीय उपवास का आयोजन किया। समिति की महिलाओं ने कहा कि आवश्यक वस्तुओं, रसोई गैस, दाल, तेल, सब्जियों और अन्य रोजमर्रा की चीजों के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जिससे आम जनता का जीवन बेहद कठिन हो गया है। महिलाओं ने कहा कि मनरेगा के काम ठप पड़ने और रोजगार के अवसर घटने से मजदूर परिवारों की आय बुरी तरह प्रभावित हुई है। हालात ऐसे बन गए हैं कि अनेक गरीब परिवारों के घरों में दाल-रोटी का इंतजाम करना भी मुश्किल हो गया है। इस अवसर पर संस्थापक बिमला चौधरी प्रधान, बिधा कैशियर, निर्मला, शकुंतुला, सर्वजीत कौर, कलावती, पार्वती, सरोज, अंजू क्रांति, अनीता, चंद्रकला, गीता, पूनम आदि उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005



हिसार। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व अन्य।

### लुप्त हो रही गोरैया को बचाने का अभियान चलाया जाए : राहुल चौहान

**हिसार।** आजाद हिंद युवा क्लब गांव किरतान की ओर से प्रगति क्लासेज एकेडमी अग्रोहा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राहुल चौहान शामिल हुए। उन्होंने कहा कि गोरैया कभी हर घर की शान हुआ करती थी, आज दुर्भाग्य है कि यह प्रजाति लुप्त होने के कगार पर है। इस बचाने के लिए गोरैया बचाओ अभियान चलाने की जरूरत है। अपने घर में कम से कम 20 कृत्रिम घोंसले जरूर लगाएं ताकि ऐसे पक्षी को बचाया जा सके। इस पक्षी के लुप्त होने के कई कारण हैं। इस मौके पर डायरेक्टर सुरेश धायल, सीइओ डायरेक्टर जय कुमार, श्याम सुन्दर, मोनू सिवाच, संजय पवार, मनीषा, रेनू, प्रोमिल आर्य, आजाद हिन्द युवा क्लब प्रधान कपूर सिंह आर्य, मनोज, अनीता, मनजीत आदि मौजूद थे।

# गुरु दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निक में प्रवेश प्रक्रिया का शेड्यूल जारी

■ प्रवेश को लेकर विद्यार्थियों ने दिखा उत्साह, बड़ी संख्या में आए आवेदन



डॉ. जगमोहन दुहन, प्राचार्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। संस्थान में प्रवेश को लेकर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस वर्ष प्रवेश के लिए बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं।

**10वीं पास विद्यार्थियों के लिए डिप्लोमा इंजीनियरिंग :** संस्थान में डिप्लोमा इंजीनियरिंग के 13 विभागों के लिए कुल 900 सीटें उपलब्ध हैं, जबकि अब तक 2230 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। प्रथम ऑनलाइन काउंसलिंग के अंतर्गत छात्र ऑनलाइन चॉइस फिलिंग 16 से 18 तक करनी थी जिसका सीट आवंटन परिणाम 19 जून सायं तक आएगा व जिन अभ्यर्थियों को संस्थान में सीट अलॉट हो गई है उनको उपयुक्त डॉक्यूमेंट्स व फ़ीस के साथ संस्थान में 22 से 24 जून के बीच स्वयं संस्थान में पंहुच कर दाखिला ले सकते हैं। द्वितीय ऑनलाइन काउंसलिंग के अंतर्गत छात्र ऑनलाइन चॉइस फिलिंग 26 से 30 जून के बीच कर सकते है और द्वितीय काउंसलिंग की सीट आवंटन परिणाम 1 जुलाई तक आएगा जिसके बाद एडमिशन के लिए संस्थान में 2 से 3 जुलाई के बीच रिपोर्टिंग करनी पड़ेगी।

**12वीं/आईटीआई उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए डिप्लोमा लेटरल एंट्री**

लेटरल एंट्री (सीधा द्वितीय वर्ष में प्रवेश) के लिए कुल 142 सीटें उपलब्ध हैं तथा 632 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्रथम ऑनलाइन काउंसलिंग में अब तक 71 विद्यार्थियों को प्रवेश मिल चुका है। इसमें द्वितीय ऑनलाइन काउंसलिंग के अंतर्गत ऑनलाइन चॉइस फिलिंग 22 से 24 जून के बीच होगी और सीट आवंटन परिणाम 25 जून को आएगा और इसके बाद संस्थान में 26 से 30 जून के बीच छात्र रिपोर्टिंग करके एडमिशन ले सकेंगे। इसके बाद भी रिक्त सीटों के लिए 5 जुलाई से संस्थान स्तर पर ओपन काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। संस्थान के प्रवेश प्रभारी नरेश सुथार ने बताया कि विद्यार्थियों को समय पर काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी कर अपनी सीट सुनिश्चित करनी चाहिए। संस्थान के प्राचार्य डॉ. जगमोहन दुहन ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से आह्वान किया कि वे तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए समय रहते प्रवेश प्रक्रिया में भाग लें और सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं रोजगारपरक अवसरों का लाभ उठाएं।



हिसार। नई कार्यकारिणी को प्रमाण पत्र सौंपते चुनाव अधिकारी आरएस संधू। फोटो : हरिभूमि

### करमजीत सिंह प्रधान, इंद्र जीत सिंह सचिव व अवतार सिंह कोषाध्यक्ष चुने

■ सर्वसम्मति से नागोरी गेट गुरुद्वारा साहिब के चुनाव सम्पन्न

**हिसार।** प्रबंधक कमेटी गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा नागोरी गेट के चुनाव में सर्वसम्मति से करमजीत सिंह प्रधान, इंद्र जीत सिंह,सेक्रेटरी व अवतार सिंह कोषाध्यक्ष चुने गए हैं। गत माह पूर्व की कमेटी का कार्यकाल समाप्त हो गया था। चुनाव अधिकारी आरएस संधू की देखरेख में नई कार्यकारिणी की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इसमें प्रधान, महासचिव, व कोषाध्यक्ष पद के लिए आवेदन मांगे गए, जिसमे उक्त तीनों पदों के लिए एक-एक नामंकन पत्र आए। नामांकन पत्रों की जांच उपरांत अन्य नामांकन न आने पर सर्वसम्मति से करमजीत सिंह प्रधान, इंद्र जीत सिंह सचिव व अवतार सिंह को कोषाध्यक्ष चुन लिया गया। इस मौके पर नवनिर्वाचित कार्यकारणी ने कहा कि गुरु घर की सेवा के लिए व सदैव तैयार रहेंगे। इस अवसर पर चुनाव अधिकारी आरएस संधू के अलावा काफी सदस्य उपस्थित रहे।